| |
|---|
| दिनांक 17.05.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 271/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद गाजीपुर/थाना सैदपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 16.05.2026 को थाना सैदपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सेहमलपुर के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–रासबिहारी 2–हरिन्द्र घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए, घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जो थाना सैदपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सैदपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–रासबिहारी निवासी मोलनापुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।

2–हरिन्द्र निवासी मोलनापुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद गाजीपुर/थाना नंदगंज

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 17.05.2026 को थाना नंदगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पहलवानपुर पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त विशाल उर्फ बिटानू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना नंदगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नंदगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विशाल उर्फ बिटानू निवासी बेहडा चौरे थाना केराकत जनपद जौनपुर।

## जनपद बांदा/थाना मटौंध

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 17.05.2026 को थाना मटौंध पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोयरा चौराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अयूब खां को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बांदा के विभिन्न थानो में धोखाधड़ी आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी अभियुक्त थाना मटौंध पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तार हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मटौंध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अयूब खां निवासी गुगौली थाना चिल्ला जनपद बांदा, हालपता बिजली खेड़ा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**जनपद अमरोहा/थाना अमरोहा देहात**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के पीली धातु के आभूषण**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 17.05.2026 को थाना अमरोहा देहात व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्रीन फ्रील्ड कॉलोनी के गेट जोया रोड के पास से 02 अभियुक्तों 1–पप्पू उर्फ फौजी 2–अमन उर्फ शाहजाद उर्फ शाहजादा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के पीली धातु के आभूषण, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.05.2026 को थाना अमरोहा देहात क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अमरोहा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त पप्पू उर्फ फौजी के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद, बरेली, अमरोहा के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी आदि के 05 अभियोग एवं अभियुक्त अमन उर्फ शहजाद उर्फ शहजादा के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 17 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना अमरोहा देहात पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–पप्पू उर्फ फौजी निवासी ग्राम भाईया नगला थाना पटवई जनपद रामपुर, हालपता बलदेवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

2–अमन उर्फ शाहजाद उर्फ शाहजादा निवासी असीलपुर थाना किठौर जनपद मेरठ, हालपता सैफपुर फिरोजपुर थाना बहसूमा जनपद मेरठ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के पीली धातु के आभूषण।

2–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**<u>कमिश्नरेट आगरा/थाना ट्रांस यमुना</u>**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली धातु के आभूषण**
- **चोरी के नगद रूपये आदि बरामद**

दिनांक 16.05.2026 को थाना ट्रांस यमुना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 80 फुटा रोड सी ब्लॉक कालिन्दी विहार के पास से अभियुक्त मोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली धातु के आभूषण, चोरी के नगद रूपये आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.05.2026 को थाना ट्रांस यमुना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना ट्रांस यमुना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना ट्रांस यमुना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मोनू निवासी पार्वती विहार थाना ट्रान्स यमुना कमिश्नरेट आगरा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की पीली धातु के आभूषण।

2–चोरी के नगद रूपये आदि।

———————